# THE HI-TECH GEARS LTD.

(Formerly Hi-Tech Gears Ltd.)
CIN - L29130RJ1986PLC004536

Corporate Office : Millennium Plaza, Tower-B, Sushant Lok-I, Sector-27, Gurugram -122002, Haryana, INDIA Tel. : +91(124) 4715100


**January 28, 2019**

**The Manager,**
**Listing Department,**
**National Stock Exchange of India Limited,**
**"Exchange Plaza", C-1, Block – G.M.**
**Bandra - Kurla Complex,**
**Bandra (E), Mumbai – 400051**
**Symbol – HITECHGEAR**

**The Manager,**
**Listing Department,**
**BSE Limited,**
**PhirozeJeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai – 400001**
**Scrip code – 522073**

**Subject**: **Intimation of publication of notice of Board Meeting in newspapers**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 and other applicable regulations of SEBI (LODR) Regulations, 2015 the Notice dated January 25, 2019 for calling Board Meeting on **February 02, 2019** was duly published in the following Newspaper:

- The Business Standard (National daily newspaper in English) – January 26, 2019
- Lokmat Jaipur (Regional daily newspaper in Hindi) – January 26, 2019

The copy of published notice is enclosed herewith for your reference.

You are requested to take the above information on records and oblige.

Thanking You

Yours faithfully,
**For The Hi-Tech Gears Limited**

Shital kumar

The Hi-Tech Gears Limited * Gurgaon

**S. K. Khatri**
**Company Secretary**




## THE HI-TECH GEARS LIMITED

**CIN : L29130RJ1986PLC004536**
**Regd. Office**: A-589, Industrial Complex, Bhiwadi-301019, Distt. Alwar, (Rajasthan)
**Corp. Office**: Millennium Plaza, Tower-B, Sushant Lok-I, Gurgaon-122009, Haryana
**Website**: www.thehitechgears.com
**E-mail** : secretarial@thehitechgears.com
**Ph. No.** 0124-4715100 **Fax**: 0124-2806085

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29, 33 read with Regulation 47 & other applicable regulations, if any, of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Saturday, the 2nd Day of February, 2019, at 12:20 P.M, inter-alia:

i) To consider & approve the Standalone Unaudited Financial Results of the Company along with the Limited Review Report for quarter and period ended December 31, 2018 and to declare the interim dividend for the year 2018-19, if any.

ii) Any other matter with the consent of the Chair.

The said information is also available on the Website of the Company i.e. www.thehitechgears.com and also on the website of Stock Exchanges www.nseindia.com (National Stock Exchange of India Limited) and www.bseindia.com (BSE Limited), where the shares of the Company are listed.

By Order of the Board of
**The Hi-Tech Gears Limited**
Sd/-
Place: Gurgaon **S. K. Khatri**
Date : 25.01.2019 Company Secretary

## Euro Asia Exports Limited

**Regd. Office:** - Plot No. 3-A, 1st Floor, Blk-X Loha Mandi, Naraina Industrial Area, New Delhi- 110028
**Website:** www.euroasiaexportsltd.com
**Mail:** info@euroasiaexportsltd.com
CIN: L51909DL1981PLC012621

**CORRIGENDUM NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, this is to inform you that the board meeting of the company, which was scheduled to be held on 05.02.2019, inter-alia, to consider, approve and take on record the Un-Audited Financial Results along with Limited review Report for the quarter ended 31.12.2018, inter alia Other matters has been rescheduled to, 06.02.2019, Wednesday at 4:00 P.M, at Hotel City Park Airport No. 49/2/1, NH-8 near Toll Plaza, Kapashera, New Delhi – 110037, due to non availability of some of the Board members.

Further in accordance with code of conduct for Prevention of Insider Trading framed by the company pursuant to the SEBI (prohibition of Insider trading) regulations 2015, the Trading Window shall remain closed for dealing in shares of the Company from 04.02.2019 to 06.02.2019 (both days inclusive) for all the specified person defined in the Code in terms of the provision of Securities & Exchange Board of India (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015.

The said Notice is also available at Company's




## मतदान जागरूकता पर रैली का आयोजन

**सीकर।** श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान जागरूकता विषय पर रैली निकाली गई। इकाई प्रभारी डॉ. अंजुबाला सीमार ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सम्पत शर्मा ने रैली को हरी झंड़ी दिखाकर महाविद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना किया। रैली में स्वयं सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता के अनेक नारों से मतदाताओं को जागरूक होने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय व्याख्याता डॉ. मंजू सैनी, डॉ. संगीता सुण्डा, श्रीमती शचि अग्रवाल एवं विष्णु काबरा भी मौजूद रहें।

## रॉक स्टार व रॉकिंग डॉल प्रतियोगिता 2019 का आयोजन

**सीकर।** युवा जागृति व विद्याश्रम स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 03 फरवरी 2019 को शेखपुरा स्थित बद्री विहार में रॉक स्टार व रॉकिंग डॉल 2019 का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 5 से 10 वर्ष तक के विद्यार्थी भाग ले सकते है। रजिस्टेॠशन पोलोग्राउण्ड स्थित किड्स किंगडम कॉन्वेन्ट स्कूल में 30 जनवरी तक करवाऐंगे। संस्थान की महासचिव मंजू लाटा ने बताया कि विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार व खिताब से नवाजा जायेगा तथा सभी प्रतियोगियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जायेगा।

## ओलावर्ष्टि से अचानक बढी सर्दी से आम जनजीवन प्रभावित

**सीकर।** जिले के दांतारामगढ इलाके मे कल देर शाम को हुइ ओलावर्ष्टि से अचानक बढी सर्दी से आम जनजीवन एक बार फिर प्रभावित हो गया ह।

ओलावर्ष्टि के बाद चली शीतलहर से सीकर जिले के फ्तेहपुर शेखावाटी मे आज सुबह का न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री दर्ज किया तापमान के गिर जाने से लोगो को सर्दी से बचने के लिये अलाव का सहारा लेते देखा गया। वही दांतारामगढ इलाके मे कल देर शाम हुइ ओलावर्ष्टि से खेतो मे खडी फ्सलो को भी खासा नुकसान पहूंचा। दांतारामगढ के चैनपुरा,कुली खाचरियावास ओर बनाथला सहित कई गांवो मे ओलो के चलते खेतो मे खडी किसानो की फ्सले खराब हो गयी ।

## देशभक्ति के गीत सिखाएं



**सीकर।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड ए बेसडर अभिलाषा रणवां अपनी कगाी बस्ती के बगाों के बीच पहुंची और सबको तिरंगा हाथ में थमाया। रणवां राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के बारे में सभी बगाों को जानकारी दी और बगाों को देशभक्ति गीतों की तैयारी करवायी। बगाों ने बड़े उत्साह के साथ गीत गाएं। उसके बाद कगाी बस्ती के अन्य लोगों को भी इस पर्व पर कगाी बस्ती की स्कूल में आने के लिए कहा जिससे वो भी हमारे राष्ट्रीय पर्वों के बारे में जान सके। इस दौरान बगाों को फल वितरित किये गये। इस अवसर पर दुर्गा देवी रणवां, रेखा, राजकुमार कुमावत, कमिष्का, प्रियंका, सुलोचना, पूजा भोपा, विकास, सीमा सहित मनसुख रणवां मनु स्मृति संस्थान की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## धौलपुर के मृदुल का लाइव टेस्ट 27 जनवरी को

**धौलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग एवं कालेज शिक्षा द्वारा छात्र-छात्राओं मे प्रतियोगी परीक्षाओं के भय को दूर करने के उद्देश्य से श्दिशारी एप श् काफी मददगार साबित हो रहा है । विषय विशेषज्ञ मृदुल कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि 27 जनवरी को रात 8.30, 9. 30 बजे सरल एवं चक्रवृद्धि ब्याज विषय पर उनका आनलाइन लाइव टेस्ट दिशारी एप मे मोजूद रहेगा। जिसको कोई भी प्रतियोगी छात्र नियत समय पर दे सकता है । आज के दौर मे इस एप की काफी सराहना की जा रही है । मृदुल ने बताया कि उनका पहला टेस्ट साझेदारी विषय पर 07 जनवरी को एवं दूसरा टेस्ट 14 जनवरी को अनुपात एवं समानुपात विषय पर लाइव देखने को मिला था। जिसे 25-30 हजार छात्र . छात्राएं प्रदेश भर मे देकर अपनी क्षमता का आंकलन कर रहे है।

# कांग्रेस की वादाखिलाफी पर भाजपा देगी ज्ञापन और गिरफ्तारी

## कांग्रेस कर रही है किसानों को भ्रमित : डॉ. सतीश पूनियां

**जयपुर।**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक डॉ. सतीश पूनियां ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की कर्जमाफी के विषय में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान से भाजपा संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस पार्टी इस विषय पर लगातार किसानों को भ्रमित कर रही है। राहुल गाँधी ने 10 दिन में समग्र कर्जमाफी करने की बात कही थी, किन्तु मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस दिशा में गम्भीरता पूर्वक कोई कार्य नहीं कर रहे है। डॉ. पूनियां ने कहा कि प्रदेश में 59 लाख किसानों पर लगभग 99 हजार करोड़ रूपये का कर्जा है। भाजपा किसानों की कर्जमाफी के विषय को जनता की अदालत में लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भश्रा देने के लिए भी कांग्रेस सरकार कोई कदम नहीं उठा रही। इस भश्रे के लिए योग्यता और मापदण्ड क्या होंगे, इसकी भी जानकारी नहीं है। साथ ही आर्थिक रूप से पिछडे लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के विषय पर भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपना पक्ष स्पष्ट नहीं कर रही।

डॉ. पूनियां ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसानों की कर्जमाफी, बेरोजगारी भश्रा तथा आर्थिक पिछडों के 10 प्रतिशत आरक्षण को लेकर 28 जनवरी को प्रदेश के सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर ज्ञापन देंगे तथा 08 फरवरी को जिला केन्द्रों पर गिरफ्तारी देंगे।

डॉ. पूनियां ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतन्त्र भारत की विशेषता है। सभी देशवासियों को मतदान अवश्य करना चाहिए। डॉ. पूनियां ने पी.एस.एल.वी. 44 की सफल लाँचिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. पूनियां ने कहा कि स्वाइन फ्लू पर सरकार की तरफ से कोई मजबूत पहल दिखायी नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्थानीय निकाय चुनावों में शैक्षणिक योग्यता के मापदण्ड शुरू किये थे, किन्तु कांग्रेस सरकार ने उस नियम को बदलते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने वाले अभियानों को भी कमजोर करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार रिवर्स गियर में चल रही है।

## जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 87 नोटिस जारी

**जोधपुर।** माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा विविध पीएलआई में हुए निर्णय की पालना में प्राधिकरण के उपायुक्त पूर्व वीरेंद्र सिंह चौधरी द्वारा प्रथम चरण में शताब्दी सर्कल से गोरा होटल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर 200 फीट सड़क के पश्चात् 100 फीट वृक्षारोपण पट्टी पर जो नियमानुसार संबंधित खातेदार या विकासकर्ता की ही मालिकाना हक की भूमि होती है उस पर 100 फीट वृक्षारोपण पट्टी में नियमानुसार निर्माण कार्य निषेध होता है इस तरह के 87 अवैध निर्माण चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा विविध पीएलआई में हुए निर्णय की पालना में वृक्षारोपण पट्टी की हद में आने वाले निर्माण कार्यों को हटाया जाना है। उपायुक्त पूर्व ने बताया कि प्रथम चरण में 87 लोगों को एक सप्ताह का नोटिस देकर सुनवाई का अवसर देते हुए उनके पक्ष में विविध दस्तावेज एवं निर्माण स्वीकृतिओं की आवश्यक जांच करते हुए माननीय उच्च न्यायालय की पालना में अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## सड़क मे भरे पानी व गड्डों से आम जन परेशान, अधिकारियों निकलते है रोज

**तिजारा ( अलवर )।** कस्बे के विकास पथ रोड , पार्क स्कूल के पास स्थित चौराहा पर सड़क बने गड्ढों मे भरा गंदे पानी से लोगों का निकलना बड़ा मुश्किल हो रहा है। गणतंत्र दिवस पर बच्चों की तैयारी के चलते गणतंत्र दिवस पर भी अनदेखी के कारण समस्या ज्यों की त्यों बनी है । अधिकारीयो के रोज इस रोड से निकलने के बावजूद भी कोई निदान नहीं हो रहा है । गड्ढों मे पानी भरने रहने से तथा पास गंदगी का आलम लगा रहने से नौनिहाल बच्चों का निकलना भी दुर्लभ हो रहा है। गड्ढें मे पानी भरे रहने के कारण बच्चे, बिजली के ट्रांसफार्मर के पास से गुजरते हैं। ऐसे मे बड़ा हादसा हो सकता है । लेकिन जलदाय विभाग व नगरपालिका प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

उधर जलदाय विभाग का पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। जलदाय विभाग के ढीलापन व धीमी गति से चल रहे कार्य से कस्बे के लोगो को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के जागरूक मुकेश सैनी, भौमसैनी राहुल गुप्ता,लाला राम सैनी सहित अन्य लोगों ने बताया कि एक महा से सड़क निर्माण कार्य भी बंद पड़ा है। ना ही जलदाय विभाग का काम हो रहा है ना ही सड़क निर्माण कार्य हो रहा। लौगो ने इस समस्या से शीघ्र निजात कराने की मांग की है । उक्त सडक चौराहा से लगने के हजारों लौगो का आवागमन होता है। तथा स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ती नजर आ रही है ।

## कस्बे के चंद्रप्रभ दिग जैन कन्या महाविद्यालय में नूपुर 2019 का प्रोग्राम हुआ संपन्न हुआ

**तिजारा ( अलवर )।**



कस्बे की चंद्रप्रभु दिगंबर जैन कन्या महाविद्यालय में नूपुर प्रोग्राम के तीसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संदीप यादव थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिगत स्कूल की प्रिंसिपल डॉ नीलम सिंह थी ।विधायक संदीप यादव ने कहा कि मै छात्राओं के सहयोग हेतु हर संभव मदद करने को तैयार हूं। आप सब बहिने ईमानदारी के साथ लक्ष्य के प्रति जागरूक और तत्पर रहें। संस्था के संरक्षक नरेंद्र जैन ने बताया कि बेटियों के अध्यन हेतु हमारी समिति समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने को सदा ही तैयार है समारोह में महेसरा सरपंच नरेंद्र सिंह, दीपक राठौड़, अतर सिंह, सेवाराम भिवाड़ी वही निर्णायक के रूप में सुनील राठौड़ सहित भरत अग्रवाल, सुरेन्द्र जैन, नीरज जैन, मनोज जैन लक्ष्मण शर्मा, प्रदीप कुमार, जे डी है आदि के साथ स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। सचिव सचिन जैन ने बताया कि कल गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम के साथ छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ कमलेश वसंत और पूनम गौतम ने किया। अंत मे प्राचार्य डॉ डी एन शर्मा ने आभार जताया।

## गणतंत्र दिवस पर छह दिवसीय कार्यक्रमों के पांचवे दिन देश भक्ति के एकल व सामुहिक गायन व नृत्य प्रतियोगीता एव सास्कृतिक कार्यक्रम हुए

**तिजारा ( अलवर )।** कस्बे मे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे कस्बा स्थित सैनी सैकेण्डरी स्कूल परिसर मे सैनी सभा एव सैनी सेकेण्डरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान मे छह दिवसीय दितीय गणतंत्र दिवस महोत्सव के पांचवे दिन एकल एव सामूहिक नृत्य एव गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ यशपाल आर्चाय, एव ममता सक्सेना व नारायण दास सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करवाया । प्रतियोगिता मे देश भक्ति के संगीत हुए प्रतियोगिता मे एकल गायन मे 23 व सामुहिक गायन मे सात व एकल नृत्य मे 35 व सामुहिक नृत्य मे 28 बालक बालिकाओं ने भाग लिया बीति रात को सास्कृतिक कार्यक्रम सैनी स्कूल मे कालबेलिया नृत्य का आयोजन किया गया कार्य क्रम के संयोजक सुभाष सैनी एव पुरुषोत्तम सैनी ने बताया 26 जनवरी को सुबह ओपन मैराथन दौड शुरू होगी तथा झण्डा रोहण, एवं अन्य सास्कृतिक कार्यक्रम के बाद छह दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया जायेंगा।


**दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड**

सीआईएन : एल29130आरजे1986पीएलसी004536

पंजी. कार्यालय : ए-589, इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, भिवाड़ी-301019 जिला अलवर (राजस्थान)

कार्पोरेट कार्यालय : मिलेनियम प्लाजा, टावर-बी, सुशान्त लोक- I, गुड़गांव-122009 (हरियाणा)

वेबसाइट : www.thehitechgears.com

ई-मेल : secretarial@thehitechgears.com

फोन : 0124-4715100 फैक्स : 0124-2806085

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29, 33 के साथ पठित विनियम 47 एवं अन्य लागू विनियमों, यदि कोई, के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शुनिवार, 02 फरवरी, 2019 को अप. 12.20 बजे, अन्य के साथ :

i) 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही और अवधि हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों पर सीमित पुनरीक्षण रिपोर्ट सहित विचार एवं उनका अनुमोदन करने तथा वर्ष 2018-19 के लिए अंतरिम लाभांश, यदि कोई, घोषित करने

ii) सभाध्यक्ष की सहमति से किसी अन्य विषय पर विचार करने हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.thehitechgears.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट www.nseindia.com (नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज ऑफ इंडिया लिमिटेड) एवं www.bseindia.com (बीएसई लिमिटेड) पर भी उपलब्ध है, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड
हस्ता./-
एस.के. खत्री
कम्पनी सचिव

स्थान : गुड़गांव
तिथि : 25.01.2019


## अवैध कोलोनियों एवं नियम विरूद्ध बिना भू-उपयोग परिवर्तन करने वालों के विरूद्ध प्राधिकरण ने छेड़ा अभियान

**जोधपुर।**

जेडीए क्षेत्राधिकार में जिन खातेदारों व कॉलोनाइजर्स द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के कृषि भूमि का अकृषि प्रयोग करते हुए बिना रूपान्तरण करवाये नियम विरूद्ध कई जगह कोलोनियां काट दी गयी है जो कि अवैध है उनके खिलाफ जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही करने का अभियान चलाया जा रहा है। प्राधिकरण आयुक्त गौरव अग्रवाल द्वारा बैठकों में दिये गये निर्देशों के क्रम में जोनवार उपायुक्तों द्वारा इस प्रकार की कॉलोनियों का सर्वे कर चिन्हित करने का कार्य करने हेतु एक दल का गठन किया है जिसमें तहसीलदार, प्रवर्तन निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता व पटवारी शामिल होगें।

प्राधिकरण के उपायुक्त पूर्व वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि जेडीए क्षेत्राधिकार में बिना अनुमति के अनाधिकृतरूप से व्यववसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियां भी संचालित की जा रही है साथ ही बिना भू-उपयोग परिवर्तन कराये अवैध कोलोनियां काटी जाकर नियम विरूद्ध भूखण्डों का विक्रय किया जा रहा है। प्राधिकरण ने इस प्रकार की सभी अवैध रूप से नियम विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाये जाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात रहे कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों के बसने से प्राधिकरण को करोड़ों रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है साथ ही अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड क्रय करने वालों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्राधिकरण द्वारा आमजन को बिना अनुमोदित अवैध कॉलोनियों में भूखण्ड़ न खरीदने व विक्रेताओं के खिलाफ प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करवाने के सुझाव प्रदान किए गए है।


**DHFL** Changing Rules Changing Lives

**दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

राष्ट्रीय कार्यालय : डीएचएफएल हाउस 19, सहर रोड़, विले पार्ले (ईस्ट), ऑफ वेस्टर्न एक्सप्रेस, हाईवे, मुम्बई-400099

क्षेत्रीय कार्यालय : 302/5, तृतीय तल, जयपुर टॉवर, एआईआर के सामने, एमआई रोड़, जयपुर (राजस्थान)-302001

सम्पर्क नम्बर : 1. डीएचएफएल एओ श्री सौरभ पाहवा 9216986668, श्री मुकेश कुमार यादव 9887535689

**नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन यहां नीचे वर्णित प्रत्याभूत आस्ति का कब्जा लिये जाने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, के ''जैसा है जहां है आधार'' जो है जैसा है'' तथा ''जो भी वहां है आधार'' पर क्रय हेतु सीलबंद लिफाफों में ऑफर्स आंमत्रित है। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) /गांरटर का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्ति का विवरण | सुरक्षित मूल्य (आरपी) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10%) | कुल बकाया ऋण (23-01-2019 तक) | नीलामी की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (लोन कोड नम्बर 00004265/ जोधपुर शाखा) श्री अन राज(कर्जदार) श्रीमती रेखा आर(सह-कर्जदार) | 28.08.2018 को रू. 388793/- के लिए | अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से : प्लॉट नं. -11, खसरा नं. -138, पत्रावली नं. 1/17-18, जगदम्बा नगर, जैतारण, पाली, राजस्थान-306302 में स्थित। | रू. 4,84,000/- (रूपये चार लाख चौरासी हजार मात्र) | रू. 48,400/- (रूपये अडतालीस हजार चार सौ मात्र) | रू. 2,42,829/- (रूपये दो लाख बियालिस हजार आठ सौ उनतीस मात्र) | 08.03.2019 |
| 2. | (लोन कोड नम्बर 00001113/ बीकानेर शाखा) श्री सुरेश कुमार प्रजापत (कर्जदार) श्रीमती विमला देवी प्रजापत (सह-कर्जदार) | 19.05.2018 को रू. 286820/- के लिए | अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से : प्लॉट नं.-196, ओम नगर कॉलोनी, मुण्डवा रोड़, नागौर, राजस्थान-341001 में स्थित। | रू. 2,20,000/- (रूपये दो लाख बीस हजार मात्र) | रू. 22,000/- (रूपये बाईस हजार मात्र) | रू. 3,24,827/- (रूपये तीन लाख चौबीस हजार आठ सौ सत्ताईस मात्र) | 08.03.2019 |
| 3. | (लोन कोड नम्बर 00001616/ कोटा शाखा) श्री भवानी शंकर (कर्जदार) श्रीमती गुड्डी बाई पत्नी भवानी शंकर (सह-कर्जदार) | 23.04.2018 को रू. 391953/- के लिए | अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से : प्लॉट नं. बी-30, विश्वकर्मा नगर, गांव-सिंघानिया, थर्मल पावर प्लान्ट के पास, झालावाड़, राजस्थान-326001 में स्थित। | रू. 5,05,000/- (रूपये पांच लाख पांच हजार मात्र) | रू. 50,500/-(रूपये पचास हजार पांच सौ मात्र) | रू. 4,36,435/-(रूपये चार लाख छत्तीस हजार चार सौ पैतीस मात्र) | 08.03.2019 |
| 4. | (लोन कोड नम्बर 00002534/ जोधपुर शाखा) श्री नन्द किशोर व्यास (कर्जदार) श्रीमती सीता योगी (सह-कर्जदार) श्रीमती शोभा लखेरा (जमानतदार) | 26.08.2018 को रू. 1785303/- के लिए | अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से : प्लॉट नं. 106, आदित्य द्वारकाधीश हैरिटेज II, खसरा नं. 37, 37/2, गांव बासनी बेनड़ा, जोधपुर, राजस्थान-342001 में स्थित। | रू. 15,65,000/- (रूपये पन्द्रह लाख पैसठ हजार मात्र) | रू. 1,56,500/- (रूपये एक लाख छप्पन हजार पांच सौ मात्र) | रू. 24,30,753/-(रूपये चौबीस लाख तीस हजार सात सौ तिरेपन मात्र) | 08.03.2019 |
| 5. | (लोन कोड नम्बर 00012995 / जयपुर-वैशाली नगर शाखा) श्री ध्रुव लोहिया (कर्जदार) श्रीमती अवंतिका वी लोहिया (सह-कर्जदार) | 19.05.2018 को रू. 403912/- के लिए | अचल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से :प्लॉट नं. 657, जोय मैक्स गार्डन्स-बी, गांव महला, तहसील मौजमाबाद, अजमेर रोड़, जयपुर, राजस्थान-302020 में स्थित। | रू. 2,50,000/- (रूपये दो लाख पचास हजार मात्र) | रू. 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) | रू. 4,31,532/- (रूपये चार लाख इकत्तीस हजार पांच सौ बत्तीस मात्र) | 08.03.2019 |

नीलामी के नियम व शर्तें निम्नानुसार हैं-

1. प्रस्तावित प्रारूप में मोहरबंद बोली/प्रस्ताव धरोहर राशि तथा केवाईसी दस्तावेज के साथ जमा कराने की अंतिम तिथि 07.03.2019 को सायं 6.00 बजे के भीतर क्षेत्रीय कार्यालय के उपरोक्त पते पर है। निविदायें जो पूर्ण रूप से भरी नहीं है अथवा ऐसी निविदायें जो अन्तिम दिनांक के उपरान्त प्राप्त हुई है उन्हें अयोग्य निविदा माना जायेगा तथा उसे उसी अनुसार निरस्त कर दिया जायेगा। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
2. सम्पत्ति हेतु बोली/ प्रस्ताव (नीलामी दिनांक )खोले जाने की दिनांक उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय के पते पर 8.03.2019 को उपरान्ह 3.00 बजे है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी के उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. अचल सम्पत्तियों के निरीक्षण की दिनांक 06.03.2019 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य है।
4. ऋण अनुबन्ध के अनुसार नोटिस मे बकाया राशि पर लागू होने वाला आगे का ब्याज तथा संभावित खर्चें, लागते इत्यादि प्रभारित होगें तथा बकायें होगें एवं इसकी वसूली तक देय है।
5. यह सूचना ऋणीयों तथा जमानतदारों को दी जाती है जो विक्रय के समय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें तथा वे विक्रय की नियमों व शर्तों के विवरण के अनुसार उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्तियों की खरीद हेतु इच्छुक क्रेताओं को भी लेकर आ सकते है।
6. यह ऋणीयों/सह-ऋणीयों तथा जमानतदारों को सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत 30 दिवस की विक्रय सूचना है की वे नीलामी की दिनांक से पूर्व उपरोक्त राशि का भुगतान कर देवें अन्यथा अचल सम्पत्ति का बेचान कर दिया जायेंगा तथा बकाया राशियां यदि कोइ है तो उनकी वसूली ब्याज एवं लागतों के साथ की जायेगी यदि ऋणी समस्त राशि दिवान हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लिमिटेड को नीलामी की दिनांक से पूर्व भुगतान कर देते है तो नीलामी को रोक दिया जायेगा।
7. नीलामी विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तें प्रस्तावित नीलामी प्रारूप में वर्णित है। निविदा प्रारूप उपरोक्त वर्णित क्षेत्रीय कार्यालय पर उपलब्ध है।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम निविदाकर्ता को बेची जायेगी फिर भी प्राधिकृत अधिकारी को आवश्यक होने पर पारस्परिक बोली आयोजित करवाने का अधिकार होगा। वर्णित सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी।
9. डीएचएफएल उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर बकाया किसी भी दायित्व हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। सम्पत्ति की नीलामी 'जहां है जैसी है' 'जो है जैसी है' तथा वहां जो कुछ भी है' के आधार पर होगी।
10. कुल ऋण बकाया राशि ऋण राशि का पुरोबन्ध नहीं है समस्त अन्य प्रभार (यदि कोई है तो) की गणना ऋण बंदी के समय की जायेगी।
11. डिमाण्ड ड्राफ्ट 'दिवान हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लिमिटेड' या 'डीएचएफएल' के पक्ष में बनाये जाने चाहिए अन्य विवरण हेतु प्राधिकृत अधिकारी से उपरोक्त वर्णित कार्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी
दीवान हाउसिंग फाइनेन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड

स्थानः राजस्थान दिनांक : 26.01.2019


# दिव्यांग बच्चो में छिपी हुई प्रतिभाओ को आगे लाने का कार्य समाज का दायित्व है : सुनीता गौड़

**बीकानेर।**



दिव्यांग सेवा संस्थान की ओर से गंगाशहर गणगौर पैलेस में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिव्यांग बच्चो द्वारा रंगा रंग प्रस्तुतियां के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मूक-बधिर व मानसिक मंद बालक-बालिकाओ द्वारा देश भक्ति के गीतों पर प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुरखाराम इनखिया ने कहा कि इन विशेष बच्चो की शिक्षा और उत्थान के लिए हम सबको आगे आकर सहयोग करना चाहिए। ऐसे बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का और प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम वशिष्ठ अतिथि शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गौड़ ने कहा कि दिव्यांग बच्चो में छिपी हुई प्रतिभाओ को आगे लाने का कार्य समाज का दायित्व है ।ऐसे बच्चों को पूरी शिक्षा दीक्षा और सहयोग प्रदान कर इनको आगे बढ़ाने के लिए हमे तत्पर रहना चाहिए।

इन विशेष बच्चो के प्रति समाज का नजरिया बदलने और यह दिव्यांग बच्चो ने जो प्रस्तुति दी है वह किसी से कम नही है। इस प्रकार से ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमो के द्वारा इनकी प्रतिभाओ को और अधिक निखारने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में माँ सरस्वती के दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम में पुरखाराम इंखिया,अधीक्षक सिमा शुल्क राजकुमार पन्नू,शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गौड़,वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी अंजना कोचर, पूनम चंद, रामलाल परिहार, नथूराम, मोहनलाल देवड़ा, सोनू तिवाड़ी, सोन चौधरी, घीसाराम कुमावत, रोहिताश कांटिया, विक्की गहलोत ने शुभारंभ किया। संस्था अध्यक्ष नारायण राम,सचिव जेठाराम बारूपाल ने संस्था के कार्य पर प्रकाश डाला।